हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 10 अगस्त 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 इलाके भर में हर्षोल्लास के साथ मना भाई-बहन के...



07 बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी, लिया रक्षा...



## खबर संक्षेप

### कुश जयंती आज निकलेगी शोभायात्रा

**विदिशा।** कुशवाह महासभा के तत्वावधान में आज रविवार को सत्संग भवन पुराना बस स्टैंड पर भगवान लव कुश जयंती मनाई जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र कुशवाह ने बताया कि सुबह 10 बजे भगवान लव कुश की पूजन वंदना होगी। दोपहर 12 बजे शोभायात्रा अखाड़ा प्रदर्शन, डीजे बैंड, लहंगी नृत्य टोली के साथ शोभायात्रा निकाली जावेगी। कुशवाह महासभा के जिला संयोजक पूरनसिंह कुशवाह, अध्यक्ष झब्बूलाल कुशवाह, महामंत्री जवाहरसिंह कुशवाह, भीकमसिंह कुशवाह ने सभी समाजजनों से समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

### तुलसीदास जयंती पखवाड़े के तहत गायन प्रतियोगिता हुई




**विदिशा।** तुलसीदास जयंती पखवाड़े के तहत साकेत स्कूल में हुई गायन प्रतियोगिता हुई। इससे पहले छात्रों से रामचरित्र मानस के प्रसंगों में से भरत लड्डा एवं प्रकाश पाठक द्वारा प्रश्न पूछे। जिनका सही उत्तर देने वाले छात्रों को सजंय पांडे एवं अरविंद द्विवेदी द्वारा पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में साकेत एमजीएम, सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती नगर तलैया, साकेत शिशु रंजन के छात्रों ने सहभागिता की। तुलसीकृत रचनाओं से गायन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में मिडिल एवं हायर-2 वर्ग बनाए गए। जिनमें प्रथम, द्वितीय, त्रितीय पुरस्कार दिए जाएंगे।

### पूर्व सीएम शिवराज से मिले समाजजन



**शमशाबाद।** किरार धाकड़ समाज द्वारा धरणीधर बलराम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर जोर शोर से तैयारी चल रही है। गांव गांव जाकर समाजजनों से संपर्क करके कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रण दिए जा रहे हैं। धाकड़ किरार समाज जनकल्याण समिति द्वारा हल छठ 14 अगस्त के दिन भगवान बलराम जी का जन्म उत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। चल समारोह महानीम चौराह से शुरू होगा। यह शमशाबाद के मुख्य मार्गों से होते हुए द्वारकाधीश मंदिर पर समापन होगा। धाकड़ किरार समाज के पदाधिकारियों ने भोपाल पहुंच कर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर 14 अगस्त को धरणीधर जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

### अपना घर आश्रम में मना रक्षाबंधन का पर्व



**विदिशा।** कच्छी वीसा ओसवाल जैन संघ महिला मंडल द्वारा अपना घर आश्रम के प्रभुजनों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। कच्छी वीसा ओसवाल जैन संघ महिला मंडल गुजराती समाज की महिलाओं द्वारा सुबह 10 बजे आश्रम पहुंचकर इन प्रभुजनों को रक्षा सूत्र बांधा और मिठाई खिलाकर पर्व महत्ता का निर्वहन किया। आश्रम सचिव जीएस चौहान द्वारा सभी बहनों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया कि उन्होंने आश्रम के उन प्रभुजन जो घर परिवार से दूर है जिन्हें अपने परिवार के बारे में भी पता नहीं है ऐसे बेसहारा लोगों को अपना प्रेम एवं स्नेह ने दिया।

## कलेक्टर ने बुजुर्गों से राखी बंधवाई, बोले: बुजुर्ग समाज की धरोहर, उनकी सेवा और सम्मान करें

### कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने हरिवृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मंजीरे बजाए, ब्रह्मकुमारी दीदीयों से एसपी रोहित काशवानी ने बंधवाई राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रक्षाबंधन पर शनिवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता वृद्धाश्रम पहुंचे। जहां उन्होंने बुजुर्ग माताओं और महिलाओं से आत्मीयता के साथ हालचाल जाना। उन्होंने आश्रम में मौजूद स्वास्थ्य और देखभाल की सुविधाओं की जानकारी ली और बुजुर्ग महिलाओं से राखी बनवाई। इस दौरान माताओं ने भजन-कीर्तन गाकर माहौल को भावुक बना दिया। कलेक्टर ने भी उनके बीच बैठकर मंजीरे बजाए और भजनों का आनंद लिया। उन्होंने कहा बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनकी सेवा और सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। साथ ही आश्रम प्रबंधन को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए, ताकि यहां रहने वाले बुजुर्ग खुद को परिवार का हिस्सा महसूस करें।



**विदिशा।** वृद्धाश्रम में महिलाओं ने भजन गाए और ढोलक बजाई तो कलेक्टर ने मंजीरे बजाकर साथ दिया।

### ब्रह्मकुमारी आश्रम पहुंचकर कलेक्टर और एसपी ने बंधवाई राखी



कलेक्टर अंशुल गुप्ता मुखर्जीनगर स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम भी पहुंचे। यहां उन्होंने बहनों से आश्रम में बहनों से राखी बंधवाई। वहीं बालाजीपुरम कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम पहुंचे कलेक्टर और एसपी एसपी रोहित काशवानी को भी ब्रह्माकुमारी दीदियों ने राखी बांधी। ब्रह्मकुमारी दीदी ने इस मौके पर कहा कि



रक्षाबंधन सबसे पवित्र त्यौहार है। इसे अनके नामों से जाता है। विष तोड़क पर्व पुण्य प्रदायक पर्व है। उनसे सिद्ध है कि यह पवित्रता की रक्षा करने पुण्य करने और विषय विकारों की आदत को तोड़ने की प्रेरणा देता है। अतः ऐसा बंधन बांधे तो निश्चय ही उपयुक्त प्राप्ति हो सकती है।

### दूरी हो या सलाखें, भाई बहन का रिश्ता हमेशा दिल से जुड़ा रहता है

# जेल में बंद भाइयों को बहनों ने बांधी राखी नई जिंदगी शुरू करने का संकल्प लिया

**जिले में 300 कैदी बंद हैं, पहले दिन 50 बहनें अपने भाइयों से मिलीं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में रक्षा बंधन का त्योहार उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को सलाखें भी नहीं रोक पाईं।

शनिवार को जिला जेल में सुबह से ही बहनों का तांता लगा रहा। वे अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने और उनकी लंबी उम्र की कामना करने पहुंचीं। जेल में प्रवेश के बाद बहनों ने सबसे पहले अपने भाइयों को गले लगाया। फिर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। कई बहनें भाइयों को जेल में बंद देखकर भावुक हो गईं। इस मौके पर कैदियों ने बहनों से वादा किया कि वे आगे से अपराध की राह नहीं अपनाएंगे। उन्होंने एक नई जिंदगी शुरू करने का संकल्प लिया। जिला जेल अधीक्षक प्रियदर्शन ने बताया कि रक्षा बंधन के मौके पर जेल में कैदियों और उनकी बहनों के मिलने का कार्यक्रम रखा गया। बैठने की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश थी कि किसी को भी ज्यादा इंतजार न करना पड़े। जो बहनें राखी नहीं ला सकीं, उनके लिए राखी का इंतजाम किया गया।

जेल में करीब 300 कैदी हैं। इनमें से 50 कैदियों की बहनें रक्षा बंधन के दिन मिली। जेल परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस विशेष अवसर ने यह साबित कर दिया कि भाई-बहन का रिश्ता चाहे दूरी हो या सलाखें, हमेशा दिल से जुड़ा रहता है।



**विदिशा।** जेल में बंद अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए महिलाओं ने कतार में खड़े होकर दी जानकारी।

### 16 साल पुरानी परंपरा: रेलवे ब्रिज व पुलों पर बांधे रक्षा सूत्र, मांगी यात्रियों की सुरक्षा

**विदिशा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर विदिशा में युवाओं ने एक अनोखी परंपरा निभाई। शहर के बजरिया क्षेत्र के राकेश चौरसिया और उनके साथियों ने रेलवे ब्रिज व सड़क पुल पर रक्षा सूत्र बांधकर हजारों यात्रियों की सुरक्षा की कामना की।

इस परंपरा की शुरुआत वर्ष 2009 में दिवंगत दीपक साहू ने अपने साथियों के साथ की थी। इसका उद्देश्य था उन निर्जीव संरचनाओं को प्रतीकात्मक रूप से सुरक्षा का वचन देना। इन संरचनाओं से होकर लोग अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। दीपक साहू के निधन के बाद भी राकेश चौरसिया और उनकी टीम इस परंपरा को निभा रही है। रक्षा बंधन के अवसर पर युवा इक्कट्ठा होकर रंगई पहुंचे। वहां उन्होंने रेलवे पटरी, रेलवे पुल और सड़क मार्ग के पुल सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर रक्षा सूत्र बांधे। समिति प्रमुख राकेश चौरसिया ने बताया कि यह केवल एक रस्म नहीं है। यह आमजन को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की प्रार्थना है। साथ ही यह एक सामाजिक संदेश भी है कि हम सभी मिलकर एक-दूसरे की सुरक्षा की जिम्मेदारी लें।



## वेयर हाउस से सोयाबीन मसूर, चोरी का खुलासा



**विदिशा।** दो मामलों में पुलिस ने 5 आरोपियों को दबोचा, अन्य की तलाश जारी।

### ट्रैक्टर सहित रुपए 7 लाख 50 हजार नकदी का मशरूका बरामद, पांव आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर फरार आरोपियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। कुरवाई क्षेत्र में पूर्व में घटित वेयरहाउस चोरी के मामलों की जांच के दौरान पुलिस टीम ने रिमांड पर लिए गए आरोपियों से सघन पूछताछ की। पूछताछ में अपराध चोरी गए 39 कट्टी सोयाबीन कीमत जिसकी करीब 72 हजार रुपए थी तथा दूसरे मामले में 120 बोरी मसूर कीमत 90 हजार का खुलासा हुआ। दोनों मामलों में कुल 1 लाख 62 हजार मूल्य का अनाज चोरी किया गया था।

#### सामान बरामद किया

कार्रवाई में पुलिस ने आरोपियों से चोरी गए नकदी, ट्रैक्टर सहित कुल 7 लाख 50 हजार का मशरूका बरामद किया। चोरी एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए एसपी रोहित काशवानी एवं एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में थाना कुरवाई पुलिस ने यह सफलता अर्जित की।

पुलिस ने इस कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनमें भूपेन्द्र सिंह पिता धीरज सिंह यादव 19 वर्ष, छोटू पिता मोतीलाल यादव 25 वर्ष, पवन पिता शिवराज सिंह यादव 25 वर्ष, गजेन्द्र पिता शिशुपाल सिंह यादव 19 वर्ष सभी निवासी ग्राम आमखेड़ा, थाना भानगढ़, शिवा पिता घनश्याम कुर्मी 32 वर्ष निवासी वीर सावरकर वार्ड, वीना, जिला सागर को गिरफ्तार किया गया है।

#### अन्य मामलों में भी आरोपियों की तलाश

गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध मंडी बमौरा एवं पठारी थानों में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस टीम अन्य सहयोगी आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है, ताकि सभी फरार अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

## बारह दिन बाद झमाझम, बारिश से धान को मिला जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार की शाम अचानक से हुई तेज बारिश से धान की फसल को जीवनदान मिल गया है।

करीब एक 12 दिनों से बारिश न होने और तेज धूप निकलने के कारण धान के गड़े सूखने लगे थे और खेतों में दरारें चलने जैसी स्थिति बन गई थी। लेकिन शनिवार की शाम 5 बजे से अचानक मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। करीब 20 मिनट हुई झमाझम बारिश से शहर की सड़कों पर जगह जगह पानी भर गया। वहीं खेतों में खड़ी धान की फसल को जीवनदान मिल गया है। किसानों ने बताया की बारिश न होने के कारण धान के गड़े सूखने लगे थे और उन्हे चिंता थी की अब कैसे गड़े भरे। जिन किसानों के पास पानी के स्त्रोत थे उन्होंने फसल को बचाने के लिए गड़े भरना शुरू कर दिए थे, लेकिन जिन किसानों के पास जल स्त्रोत नहीं थे वह आसमान की ओर टकटकी लगाए देख रहे थे और किसानों की उम्मीद की बारिश हो गई।



## विश्व संस्कृत दिवस समारोह मनाया गया

**आनंदपुर।** श्री सद्गुरू संकल्प संस्कृत वेद विद्यापीठ आनंदपुर में शनिवार को संस्कृत सप्ताह के चतुर्थ दिवस तथा विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे श्रावणी उपाकर्म संस्कार से हुआ। जिसमें सभी बटुक विद्यार्थी, पाठशाला के आचार्य एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।



संस्कार का संचालन आचार्य कुलदीप पाण्डेय ने किया। तत्पश्चात सप्तऋषि पूजन, वेद पूजन तथा यज्ञोपवीत धारण संस्कार आचार्य शिवनरेश गौतम एवं आचार्य प्रदीप शुक्ल के मार्गदर्शन में हुए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शिव त्रिपाठी आचार्य युवराज मिश्र, रामेश्वर शर्मा, संतोष राव, कुलदीप त्रिपाठी, युजवेंद्र पाण्डेय, राधाकृष्ण शुक्ला, संस्था प्रमुख डॉ. विष्णु भाई जोबनपुत्रा एवं भारतीबेन जोबनपुत्रा ने भी सभी को विश्व संस्कृत दिवस की बधाई दी।

## अब बसों से मिलावटी मावा ले जाने पर होगी सख्त कार्रवाई

### कलेक्टर ने बस संचालकों से की सूचना देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- बस संचालकों की बैठक आयोजित कर दी है सूचना।

त्योहारों के दौरान खाद्य सामग्रियों, विशेष रूप से मावा आदि का भारी मात्रा में परिवहन होता है।

जिला प्रशासन ने यात्री बस संचालकों से अनुरोध किया है कि विशेष सावधानी बरतें और सुनिश्चित करें कि यात्री बसों में मिलावटी खाद्य सामग्री या मिलावटी मावा का परिवहन न हो। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी यात्री बस में मिलावटी मावा या अन्य प्रतिबंधित खाद्य सामग्री का परिवहन पाया जाता है, तो न केवल सामग्री जब्त की जाएगी, बल्कि संबंधित वाहन के विरुद्ध भी परिवहन नियमों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि बस संचालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें उक्त दिशा निर्देश से बखूबी अवगत कराया गया है। इसके साथ-साथ औचक निरीक्षण की भी प्रकिया समांतर क्रियान्वित की जारी है। उन्होंने बताया कि यदि किसी यात्री अथवा नागरिकों की सूचना में आती है तो त्वरित जिला अथवा तहसील स्तरीय कंट्रोल रूम को भी सूचित किया जा सकता है।

### बस स्टैंड से हुई स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत , भाजपाइयों ने की सफाई

## विधायक ने लगाई झाड़ू, उठाया कचड़ा, विदिशा में हर घर तिरंगा व स्वच्छता पखवाड़े का आगाज, 15 अगस्त तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार से हर घर तिरंगा अभियान और स्वच्छता पखवाड़े का आगाज हो गया। यह कार्यक्रम 15 अगस्त तक चलेगा, जिसके तहत तिरंगा यात्रा, सफाई अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

रविवार सुबह बसस्टैंड से अभियान की शुरुआत हुई। जहां विधायक मुकेश टंडन, नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर, पार्षद, कर्मचारी और सफाईकर्मी मौजूद रहे। सभी ने हाथों में झाड़ू लेकर बस स्टैंड और आसपास की जगह की सफाई की। सफाईकर्मी सुबह से ही कचरा गाड़ियों और झाड़ू के साथ सक्रिय थे। विधायक श्री टंडन ने सफाई के दौरान कहा कि यह केवल नगरपालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि अपने घर और दुकान के आसपास गंदगी न फैलाएं।

उन्होंने लोगों से अपील की कि कचरा डस्टबिन में डालें और कचरा गाड़ी आने पर उसी में फेंकें। इसके बाद टीम सब्जी मंडी पहुंची और वहां दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान शहर के सभी वार्डों में सफाई अभियान और तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। लोगों को तिरंगा फहराने के साथ स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।



**विदिशा।** अभियान के तहत बस स्टैंड पर कचरे की सफाई करते हुए विधायक मुकेश टंडन।

#### घरों के आसपास सफाई रखने लोगों से अपील

अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छ भारत मिशन और हर घर तिरंगा के महत्व के बारे में बताया गया। विधायक टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को दुनिया का सबसे स्वच्छ देश बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं। 8 से 15 अगस्त तक ग्राम पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि शहर को साफ-सुथरा रखें, ताकि बीमारियों से बचा जा सके।

## खबर संक्षेप

### नगर में आज निकलेगी संस्कृत जागरण यात्रा

**गंजबासौदा।** संपूर्ण भारतवर्ष में 6 से 12 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें रविवार को वेदांत आश्रम के संत जगन्नाथ दास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभी छात्रों द्वारा संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए एवं संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने के लिए संस्कृत जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी। सुबह 10 बजे से गांधी चौक से रेलवे स्टेशन तक सभी विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सभी संस्कृत प्रेमियों से सम्मिलित होकर उत्साह वर्धन करने की अपील की गई है।

### नगर में वाहन चोर सक्रिय

**गंजबासौदा।** नगर में वाहन चोर सक्रिय हैं जो आए दिन वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। गत दिवस मंदिर के बाहर एक ऑटो-रिक्शा चोरी होने का मामला प्रकाश में आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल रैकवार शीतला शक्ति धाम के बाहर अपना ऑटो रिक्शा खड़ा कर मंदिर में दर्शन करने गया, लौटकर आया तो देखा वहां पर ऑटो रिक्शा नहीं था। उसने इधर-उधर पता लगाया परंतु आटो रिक्शा का पता नहीं लगा। रैकवार ने बताया कि 3 महीने पहले ही उसने यह आटो खरीदा था। पीड़ित ने अज्ञात चोर के विरुद्ध सिटी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**गंजबासौदा।** गत दिवस रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म 1 पर डाउन ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत हो गई। जीआरपी थाना प्रभारी बलवंत सल्लाम ने बताया कि अज्ञात युवक दो दिन से स्टेशन पर फिरता हुआ देखा जा रहा था। ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। बुधवार को सुबह 10:30 के आसपास बीना की ओर जाने वाली ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। दूसरे दिन भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### आज मनाया जाएगा भुजरिया पर्व

**गंजबासौदा।** रविवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में क्षमा याचना एवं भाईचारे का पर्व भुजरिया प्रेम भाव के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा घरों में बोई भुजरियों का विसर्जन बेतवा नदी के घाटों, जलाशयों, छोटी नदियों आदि में किया जाएगा।

### रक्षा बंधन त्योहार के चलते दिन भर बाजार में दिखी चहल पहल

# इलाके भर में हर्षोल्लास के साथ मना भाई-बहन के प्रेम का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा









शनिवार का भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व इलाके भर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दोपहर बाद बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी उपहार आदि भेंटकर बहनों को रक्षा का वचन दिया। इस दौरान जेल परिसर में भी रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। उधर घरों में श्रद्धालुओं ने श्रवण उकेरकर उनकी पूजन अर्चन की और शाम को भुजरियों की पूजन अर्चन कर उन्हें और भगवान को रक्षासूत्र अर्पित किए। इस मौके पर बहनों ने पूरे उत्साह के साथ अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और भाईयों ने भी बहनों को उपहार के साथ रक्षा का वचन दिया। इस पर्व को लेकर छोटे बच्चों में विशेष उत्साह दिखा और छोटी छोटी विशेष तैयारी के साथ अपने भाइयों को राखी बांधने उत्साहित रहीं। इन बहनों ने अपने भाइयों से उपहार के रूप में चॉकलेट, खिलौने, वस्त्र आदि प्राप्त किए। उधर उपजेल में बंद कैदी भाइयों को भी उनकी बहनों ने उपजेल परिसर पहुंचकर राखी बांधी और उन्हें बुराई का मार्ग छोडने का संकल्प दिलाया। वहीं राजेन्द्र नगर स्थित उपजेल में सजा काट रहे कैदी भाईयों कि बहनों ने उपजेल पहुंचकर अपने भाईयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधे एवं सद्मार्ग पर चलने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान उपजेल में कैदियों की बहिनों सहित परिजनों की भीड़ देखी गई। दूसरी ओर ट्रैन और बसों में भी रक्षाबंधन पर्व को लेकर खासी भीडभाड रही।

## एक सप्ताह बाद नगर में हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में लगभग एक सप्ताह के बाद मौसम में बदलाव देखा गया और सुबह से लेकर शाम तक रुक रुककर हल्की बारिश का दौर चलता रहा। जिससे मौसम में ठण्डक घुल गई। ज्ञात हो कि एक सप्ताह से बारिश का दौर थमा हुआ है। तेज धूप निकलने से लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है और तापमान 32 डिग्री सेल्सियश के ऊपर पहुंच गया है। शनिवार को सुबह के समय अचानक बारिश होने से मौसम में ठण्डक घुल गई और नगर की सड़के पानी से तरवतर हो गई। वहीं इस बारिश से फसलों को भी काफी राहत मिली है और किसान भरपूर राहत के लिए अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं।

## भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

गत दिवस भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम त्योंदा तहसीलदार रितु राय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें अतिवृष्टि से फसल हानि एवं किसानों की अन्य समस्याओं के निराकरण से संबंध में मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय किसान संघ तहसील त्योंदा के किसानों की दयनीय स्थिति से चिंतित है। एक ओर जहाँ किसान अनियमित वर्षा एवं गुणवत्ताहीन बीज के कारण दोबारा बुवाई की समस्या के बोझ में दबा हुआ है उस पर अतिवृष्टि ने फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। त्योंदा तहसील में अतिवृष्टि से बर्बाद हुई सोयाबीन एवं अन्य खरीफ फसलों का सर्वे एवं क्षति का उचित आंकलन किया जाये एवं किसानों के नुकसान का मुआवजा एवं फसल बीमा दिया जाये । शासकीय विद्यालय त्योंदा में कृषि विज्ञान विषय का अध्यापन प्रारंभ किया जाये जिससे किसान अत्याधुनिक कृषि से अवगत हो सकें सहित अन्य मांगे शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष प्रीतम सिंह राजपूत, सुमेर दांगी, माधव प्रसाद दुबे, अमित पटेल, भगवान सिंह जरिया, शेर सिंह पटेल, भगवान सिंह, भास्कर, सीताराम कुर्मी, कमल सिंह पटेल, फूल सिंह ठाकुर, चंद्रपाल ठाकुर, शुभम पटेल, मुकेश चिड़ार, जगदीश, मुन्नालाल, खचोरी लाल सहित अनेक किसान मौजूद थे।

## त्योंदा पुलिस ने निकाला पैदल मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को रक्षाबंधन पर्व के बाजार व्यवस्था हेतु त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह द्वारा पुलिस स्टॉफ के साथ त्योंदा में पैदल भ्रमण कर यातायात व्यवस्था ठीक करवाई गई। साथ ही आम जन से चर्चा कर यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। इस अवसर पर बाज़ार में असमाजिक तत्वों से सावधानी बरतने की समझाइश दी गई। रक्षाबंधन पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु बाजार में पुलिस व्यवस्था लगाई गई।

## नौलखी झूलन उत्सव का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



सावन के पावन मौके पर वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम पर आयोजित हो रहे 15 दिवसीय झूलन महोत्सव का समापन आज 10 अगस्त रविवार को जिले के जाने माने सुप्रसिद्ध गम्मत गायक कलाकार घनश्याम महाराज और नारायण महाराज की जोड़ी के साथ प्रसिद्ध वायलिन वादक सलीम भाई की शानदार प्रस्तुति से होगा। गम्मत का यह रंगारंग कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलेगा। झूलन उत्सव पर आश्रम में आयोजित हो रहे उत्सव के दौरान अभी तक श्री ठाकुर जी के विग्रह के अलावा राधा कृष्ण की जीवंत झांकी ही झूले में झूल रही थी लेकिन समापन के मौके पर अयोध्या की परंपरानुसार श्री सीताराम की जीवंत झांकी को भी झूले में बैठाया जाएगा जिसे उनके परम भक्त हनुमान जी महाराज के साथ-साथ भक्तों द्वारा झूला झुलाया जाएगा। मालूम हो कि नौलखी धाम आश्रम में सावन के पवित्र मौके पर हरियाली तीज से ब्रज और अवध की परंपरा के अनुसार झूलन उत्सव मनाया जा रहा है जिसका समापन 10 अगस्त को किया जाएगा। झूलन के समापन उत्सव को भव्यता और दिव्यता से मनाने के लिए आश्रम में भक्तों द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। आश्रम में 15 दिवसीय झूलन उत्सव के दौरान अभी तक नगर की विभिन्न भजन मंडलियों के साथ-साथ जिले के अलावा प्रदेश के भी कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देने आ चुके हैं। आश्रम के महंत राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि सनातन परंपरा में झूला उत्सव भगवान को अति प्रिय है और उनकी प्रसन्नता के साथ साथ उनके भक्तों को सुख और आनंद मिले इसके लिए ही उत्सव किए जाते हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से झूलन उत्सव में उपस्थित रहने की अपील की है।

## वेदांत आश्रम में मना श्रावणी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि के शुभ अवसर पर जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में महंत हरिहर दास महाराज के सानिध्य में बटुकों ने वैदिकरीति से श्रावणी उपाकर्म पर्व मनाया। उधर नौलखी धर्मशाला सिरोंज तिराहे, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर धर्मकांटा पर भी ब्राह्मण बंधुओं ने श्रावणी उपाकर्म पूरे विधि विधान से मनाया। जिसमें बडी संख्या में विप्र बंधुओं ने शामिल होकर श्रावणी उपाकर्म किया।

## त्योंदा पुलिस ने गुमशुदा युवती और महिला को परिजनों को सौंपा




त्योंदा। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में त्योंदा पुलिस ने गुमशुदा को परिजनों को सौंपने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल 25 को फरियादी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी पुत्री बिना बताए घर से कही चली गई। जिसकी सूचना पर गुम इंसान का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया था। जिसके बाद त्योंदा थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीव्ही फुटेज चैक किए गए। मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर शुक्रवार गुम पुत्री को दस्तायाब कर गुमशुदा को परिजनों को सुपुर्द किया गया। उधर एक अन्य मामले में फरियादी मोहन तिवारी निवासी ग्राम मुकुंदपुर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 30 मई 25 को उसकी पत्नि बिना बताए घर से कही चली गई है,जिसकी सूचना पर गुम इंसान का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया। एसडीएम शिखा भलाबी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी त्योंदा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई, तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीव्ही फुटेज चैक किए गए। मुखविर द्वारा सूचना मिलने पर गुमशुदा महिला को अशोका गार्डन भोपाल से दस्तायाब कर पति मोहन तिवारी को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्य में निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी, उदय जकाते, सत्येन्द्र सिंह, मोनिका यादव की विशेष भूमिका रही।

### रक्षाबंधन के त्योहार पर ट्रेनों में पैर रखने की नहीं मिल रही जगह



**गंज बासौदा।** रक्षा बंधन के त्यौहार के चलते भोपाल से बीना के बीच चलने वाली एक मात्र मेमू पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रक्षाबंधन जैसे त्योहारों के चलते लोग अपने घरों और रिश्तेदारों के पास जाने के लिए इसी ट्रेन पर निर्भर हैं। सामान्य दिनों में भी यह ट्रेन किसानों, मजदूरों, नौकरीपेशा और स्थानीय यात्रियों के लिए जरूरी मानी जाती है। लेकिन इन दिनों इसमें सीट मिलना मुश्किल हो गया है। भीड़ इतनी बढ़ गई है कि कई यात्री खड़े होकर या दरवाजों के पास खड़े होकर सफर कर रहे हैं। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि त्योहारी सीजन में अतिरिक्त मेमू या विशेष ट्रेनें चलाई जाएं, ताकि भीड़ से राहत मिल सके।




### परमात्मा शिव द्वारा पवित्रता का मंत्र मनुष्य को सुरक्षा की गारंटी देता है

# ब्रह्माकुमारी विश्व विद्यालय ने मनाया राखी उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र द्वारा उप जेल गंज बासौदा में राखी उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि रक्षाबंधन कोई रस्सी के कच्चे धागों से बनने वाला बंधन नहीं है यह धागा जीवन की मान मर्यादा बहन भाई के निस्वार्थ प्यार का प्रतीक है। बहन की सुरक्षा के लिए प्राणों को न्यैछावर करना पड़े तो भी पीछे नहीं हटना है। आज प्रत्येक मनुष्य के अंदर आसुरी और दैवी शक्तियों का युद्ध चल रहा है उसमें विजय प्राप्त करने के लिए यह रक्षाबंधन का पर्व अति आवश्यक है अब ऐसा समय आ गया है जब परमपिता परमात्मा शिव स्वयं इसकी याद दिला रहे हैं तथा पवित्रता की सच्ची राखी बांधकर पवित्र रिश्ता पवित्र समाज तथा एक वैश्विक आध्यात्मिक क्रांति का आगाज कर चुके हैं, इसलिए भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने वाली सर्व मनुष्यात्माओं अब उठो और परमात्मा के निर्देश पर इस पावन रक्षाबंधन के पर्व पर पवित्रता की सच्ची-सच्ची राखी बांधकर संसार सागर में डूब रही मानवीय नैय्या को पार लगाने में मददगार बानो यही राखी का सच्चा संदेश तथा परमात्मा शिव का आदेश है।

अब जरूरत है कि रक्षाबंधन पर्व में छिपी पवित्रता को उजागर करते हुए आसुरीयता को इस विश्व से समाप्त करने की क्रांति का आह्वान करो, तभी रक्षाबंधन के पावन पर्व की सार्थकता सिद्ध हो सकती है। रुकमणी दीदी ने संबोधित करते हुए कहा कि आमतौर पर सभी लोग इस त्यौहार को लौकिकता व स्थूल बंधन के रूप में मनाते हैं। राखी में कुछ आध्यात्मिक रहस्य छुपे हुए हैं इसी दिन हर एक बहन अपने भाई को ललाट पर तिलक लगाती है यह आध्यात्मिकता में आत्म स्मृति का तिलक है बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है इसका आध्यात्मिक रहस्य है।

अपनी आत्मा के अंदर विकारवश जो भी बुराइयां हैं। रक्षाबंधन के मूल आध्यात्मिक रस्मों को समझकर विश्व रक्षक पतित पावन ज्ञान सागर व कल्याणकारी परमपिता परमात्मा शिव द्वारा दिए हुए ज्ञान रतन को जीवन में धारण कर अहिंसक वृत्ति को अपनायें। परमात्मा शिव द्वारा दिया हुआ पवित्रता का मंत्र हर एक मनुष्य को सुरक्षा की गारंटी देता है जिससे एक नहीं बल्कि जन्म जन्मांतर तक आत्म सुरक्षा प्राप्त करती है। जब आप रक्षाबंधन के त्यौहार को आज हर धर्म में सभी जातियों में समान रीति से इसमें छिपी हुई पवित्रता की भावना से प्रेरित होकर सभी की रक्षा करेंगे और दूसरों से भी करायेंगे, तब भारत की धरती पर सुख शांति की हरियाली नजर आएगी।

### रक्षाबंधन भाई बहन को स्नेह की डोर से बांधता है



**गंजबासौदा।** कथावाचक आचार्य पंडित विकास आनंद एलिया ने रक्षाबंधन की विषय में बहुत सुंदर बातों को कहा रक्षाबन्धन भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका या श्री यंत्र लगाकर रक्षा का बन्धन बांधती है। जिसे राखी कहते हैं। यह एक हिन्दू व जैन त्योहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।


## हर्ष और उल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व, नगर में दिनभर लगी रही चहल-पहल

# बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी, लिया रक्षा का वचन

### राखी, मिठाई दुकानों पर दिन भर लगी रही महिलाओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज





शनिवार को भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने मंदिरों में भगवान को राखी अर्पित की। उन्होंने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद बहनों ने पूजा की थाली में कुमकुम, अक्षत और राखी सजाकर भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। साथ ही भाइयों को मिठाई भी खिलाई। बदले में भाइयों ने बहनों को जीवनभर रक्षा का वचन दिया। तो वही बहनों को उपहार स्वरूप कपड़े, आभूषण और मिठाई भेंट की। इस वर्ष नक्षत्रों के विशेष संयोग के कारण कई परिवारों ने परंपरा के अनुसार शुभ मुहूर्त में ही राखी बांधने का निर्णय लिया। पर्व को लेकर शहर के बाजारों में पूरे सप्ताह से रौनक बनी हुई थी। राखी की दुकानों पर नए-नए डिजाइन और ट्रेंडिंग थीम वाली राखियां लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही थीं।

रक्षाबंधन के लिए गुरूवार-शुक्रवार से ही बहनो का पीहर पहुंचनी शुरू हो गया था। तो वही कई बहनें शनिवार को भी अपने पीहर पहुंची। बहनों ने भाईयों को राखी बांधकर लंबी उम्र की कामना की। वही दूसरी ओर रक्षा बंधन को लेकर बच्चों में भी उत्साह रहा। छोटी बालिकाओं ने भी अपने भाईयों को राखियां बांधी। कई महिलाओं के पीहर नहीं आने पर उनके भाईयों ने वहीं जाकर राखी बंधवाई। रक्षा बंधन के चलते शहर में भी चहल-पहल अधिक रही। राखियों के साथ मिठाइयों की खरीद भी हुई। रक्षा बंधन पर महिलाओं के राखी बांधने जाने से बसों में भी दिनभर भारी भीड़ रही। राखी बांधने का सिलसिला रात तक चलता रहा।

#### मिठाई दुकानों पर दिनभर रही भीड़

रक्षाबंधन पर्व के चलते सुबह से लेकर देरशाम तक नगर की मिष्ठान दुकानों पर मिठाई खरीदने के लिए भारी भीड देखने को मिली। सबसे अधिक बिक्री फैनी की हुई। दुकान संचालक अशोक नेमा ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर अलग-अलग बैरायटी की मिठाईया बनाई गई थी। सबसे ज्यादा डिमांड लड्डू,फैनी,बर्फी की रही।

#### बाजार में रही भीड़भाड़

त्यौहर के दिन सुबह से ही बाजार में राखी और मिठाइयों की दुकान पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। देर शाम तक बाजार में लोगों की खरीदारी के लिए चहल-पहल देखी गई। राखी के साथ ही कपड़े, साड़ियां और अन्य सामग्री खरीदने के लिए दुकानों पर भीड़ लगी रही। वहीं राखी के दामों में 15 से 20 प्रतिशत वृद्धि होने के बावजूद महिलाओं में उत्साह देखा गया। इसी प्रकार बाजार में बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए नई-नई डिजाइन की राखियां खरीदीं। ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में नागरिक शहर आए हुए थे और जिन्होने जमकर खरीदी की। मुख्य बाजार मे लगे राखी बाजार में सुबह से लेकर रात तक राखी खरीदने के लिए बहनों की भीड़ रही। इसी प्रकार छिपेटी बाजार,भूतेष्वर पथ,मंडी बामोरा रोड पर दिनभर भीड रही। बाजार में नारियल,रूमाल और राखी की सबसे ज्यादा डिमांड है।



#### रक्षाबंधन पर देखा गया सेल्फी का क्रेज

*रक्षाबंधन पर भाई-बहनों में सेल्फी लेने का क्रेज काफी देखा गया। बहनें अपने भाइयों के साथ राखी बंधवाते समय और उसके बाद, खुशी के पलों को कैमरे में कैद करती नजर आई। यह एक आधुनिक ट्रेंड बन गया है, जहाँ भाई-बहन अपनी खुशियाँ सोशल मीडिया पर भी साझा करते हैं। आजकल, इस खास मौके को और भी यादगार बनाने के लिए, भाई-बहन सेल्फी लेना नहीं भूलते। राखी बंधवाने के बाद, वे एक साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। यह एक मजेदार और यादगार तरीका है, जिससे वे अपनी खुशी को अपने दोस्तों और परिवार के साथ बांटते हैं। कुछ लोग इस मौके पर खास पोज देते हैं, तो कुछ स्वाभाविक तस्वीरें लेते हैं। कुछ लोग अपनी सेल्फी में राखी को भी शामिल करते हैं, ताकि यह स्पष्ट हो कि यह रक्षाबंधन की सेल्फी है।*

## पार्षद ने नपा अध्यक्ष को दिया आवेदन

### नगर के लिए घंटा घर और पार्क में चिड़िया घर स्थापित करने की मांग



**सिरोंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पार्षद अजमल शेर खान नगर में घण्टा घर व लटेरी रोड स्थित शुभ जन्मदिन पार्क में चिडिया घर स्थापित करने की मांग को लेकर नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा को एक लिखित आवेदन दिया। उन्होने कहा कि नगर के पुराना बस स्टेण्ड,बासौदा नाका,लटेरी नाका में से किसी स्थान पर एक घण्टा घर स्थापित किया जाए। जिससे कि नगर को एक अलग पहचान मिलेगी। साथ ही नगर के लटेरी रोड स्थित शुभ जन्मदिन पार्क में जहा नगरवासी अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में पौधारोपण करने पहुचतें है उक्त पार्क में एक चिडिया घर बनाया जाए जिससे पार्क की सुंदरता भी बडेगी। तो वही तालाब पार स्थित जो चोपाटी का पुनः निर्माण कर उसे जीवित किया जाए। जिससे कि दुकानदारो को नियमनुसार उसका लाभ दिया जाए।

## श्रावणी पूर्णिमा पर सिद्ध बाबा आश्रम पर हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर सिद्ध बाबा आश्रम सिरसवास में ब्राह्मणो द्वारा श्रावणी उपा कर्म का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियो ने महा भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर दस विधि स्नान प्रायच्श्चित संकल्प,सप्त ऋषि पूजन कर अपने जीवन को धन्य बनाया। तो वही आचार्य पं संतोष शास्त्री अशोक नगर ने दश विधि स्नान,प्रायचशित संकल्प,यज्ञोपवीत संस्कार,सप्तऋषि पूजन कराई। इस मौके पर संरक्षक व पूर्व सरपंच वीरेन्द्र पालीवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## गुरुकुल स्कूल में छात्र परिषद का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



गुरुकुल सीबीएसई स्कूल में नवनिर्वाचित छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया। छात्रों को उनकी नई जिम्मेदारियों के अनुरूप बैज और सैश पहनाए तथा सभी नव नियुक्त कैबिनेट सदस्यों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करने की शपथ ली।

समारोह में भव्य मार्च पास्ट का आयोजन हुआ। इस वर्ष छात्र परिषद में प्रांजल दुबे को हेड बॉय तथा माही राय को हेड गर्ल नियुक्त किया। हाउस कैप्टन के रूप में वशिष्ठ हाउस से हार्दिका पटेल व सूर्यांश धाकड़, व्यास हाउस से दिव्यांशी धाकड़ व अभिनव धाकड़, गौतम हाउस से रागिनी दुबे व पार्थ रघुवंशी तथा अगस्थ हाउस से वैष्णवी राय व ऋशिराज पटेल को चुना। अनुशासन कप्तान में अनन्या माझी व रुद्रांश रघुवंशी, खेल कप्तान के रूप में मश्रीयंती ठाकुर व आदित्य राठी, सांस्कृतिक कप्तान के रूप में सौम्या राय व पुनीत राजोरिया को नियुक्त किया। गिरिवर भूतड़ा को बैंड कप्तान, पहल धाकड़ को परेड कमांडर तथा मात्रिका राय व मीरा धाकड़ को पायलट के रूप में जिम्मेदारी सौंपी। यह समारोह विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

## एक घर में 11 या अधिक मतदाता होने पर सत्यापन के मापदंड जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश का हवाला देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने बताया कि नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की मतदाता सूची में एक ही घर में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाताओं की जानकारी नगरीय निकायवार, विकासखंडवार आयोग को उपलब्ध कराई गई है।

आयोग निर्देशों पर जिले की नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की मतदाता सूची में एक ही घर में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाता वाले मतदाताओं का नगरीय निकायवार, विकासखंडवार भौतिक सत्यापन कराया जाकर जानकारी समयावधि में प्रेषित करने के निर्देश सभी आरो व एआरो को जारी किए गए हैं।

आयोग के द्वारा जारी आदेश में जिले की नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची में एक ही मकान, गृह में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाताओं के भौतिक सत्यापन करने हेतु ईआरएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से सूची जनरेट कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराई गई है।

## सीएम राइज विद्यालय में निकाली तिरंगा यात्रा

सिरोंज। हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगाअभियान के तहत शुक्रवार को शाला सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देशभक्ति से जुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर निबंध लेखन, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी में छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के महत्व और आज़ादी के इतिहास पर अपने विचार और कला प्रस्तुत की। इसके बाद विद्यालय परिवार ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार सहित सभी शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तिरंगा यात्रा नगर की मुख्य गलियों से गुज़री, जहाँ हर हाथ में लहराता तिरंगा और गगनभेदी नारे देशभक्ति के रंग बिखेर रहे थे।

## बाढ़ पीड़ितों को 61 लाख रुपए से अधिक राशि जारी

### मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने राहत राशि जारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों को राहत राशि जारी की।

विदिशा एनआईसी व्हीसी कक्ष में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के अलावा अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और बाढ़ से प्रभावित पीड़ित व उनके परिजन मौजूद रहे। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि विदिशा जिले में प्राकृतिक आपदा अवधि के दौरान कुल 1276 हितग्राहियों को कुल भुगतान राशि 61 लाख 69 हजार 500 रुपए जारी की गई है।

जिसमें पांच जनहानि होने पर उनके परिजनों को 20 लाख रुपए की राशि वहीं आठ हितग्राहियों के पशुधन की हानि होने पर उन्हें कुल 90 हजार 500 की राशि जारी की गई है इसके अलावा 1049 हितग्राहियों के मकान क्षतिग्रस्त होने पर उन्हें कुल 31 लाख 500 रुपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पीड़ितों के कपड़ा, बर्तन, खाद्यान्न नुकसान होने पर ऐसे 214 हितग्राहियोंको कुल 9 लाख 78 हजार 500 रुपए की सहायता राशि जारी की गई है।

### प्रशासन की पहल पर 12 बसों की व्यवस्था की गई

**विदिशा।** जिले के विभिन्न मार्गों पर रक्षाबंधन पर्व पर जिला प्रशासन की पहल पर 12 बसों को विशेष अनुमति जारी की गई थी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर रक्षाबंधन पर्व पर यात्री सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की गई थी। जिले के विभिन्न मार्गों पर कुल 12 बसों को विशेष अनुमति जारी की गई, जिससे बहनों को अपने मायके और ससुराल आने-जाने में सहूलियत हो सके।

## पुलिस के शिकायत निवारण शिविर में आईं 70 शिकायतें, 55 का मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शुक्रवार को पुलिस द्वारा जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान 70 में से 55 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। सामुदायिक भवन, पुलिस लाइन में एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एक दिवसीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य जनता की शिकायतें सुनकर उनका त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान करना रहा। इस शिविर में 31 जुलाई की स्थिति में लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 70 आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 55 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष प्रकरणों पर भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।




## हड़ताल कर रहे तहसीलदारों ने पूर्व मंत्री मीणा को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पिछले तीन दिनों से तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को अधिकारियों ने पूर्व मंत्री एवं शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें तहसीलदारों ने अपनी मांगे दोहराईं। बताया गया कि प्रदेश सरकार ने न्यायालय तहसीलदार और गैर न्यायालय तहसीलदार के लिए अलग-अलग अधिकारी नियुक्त करने का एलान किया है। जिसका विरोध पूरे प्रदेश में राजस्व अधिकारी कर रहे हैं।

## लायंस क्लब विदिशा संघमित्रा का अधिष्ठापन समारोह



**विदिशा।** लायंस क्लब विदिशा संघमित्रा का अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश मालवीय, अतुल शाह, मुदित बंसल, अनामिका पचौरी मौजूद रहीं। अध्यक्ष सोनल शर्मा द्वारा अतिथि मंचासीन करवाने के बाद अध्यक्ष लायन सविता कटारे ने सभा प्रारंभ करने की घोषणा की। सामूहिक राष्ट्रगान के बाद लायन योगिता यादव ने ध्वज वंदना का गायन किया और पूर्व अध्यक्ष लायन नीता चतुर्वेदी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में लायन सविता कटारे ने संघमित्रा की सालभर की गतिविधियों को संक्षेप में बताया। कमला चतुर्वेदी ने अपना सचिवीय प्रतिवेदन पढ़कर क्लब की खूबियां बतायीं। अध्यक्ष लायन सविता कटारे ने सभी सदस्यों को मोमेंटो प्रदान किए। समारोह के दौरान शहर के प्रमुख व्यक्तित्वों को सम्मानित भी किया गया, जिनमें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नवीन शर्मा, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष संतोष शर्मा का सम्मान किया गया। कोषाध्यक्ष सीमा दुबे ने नवीन सदस्यों को शपथ दिलाई।

## पेड़ों को राखी बांधकर रक्षा का संकल्पः डीएफओ ने कहा जंगल के पर्यावरण का संरक्षण हर नागरिक का कर्तव्य

### वन और पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार का नहीं, हर नागरिक का कर्तव्य हैः हेमंत यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्यारसपुर रेंज के ग्राम बरमढ़ी में इस बार रक्षाबंधन और विश्व आदिवासी दिवस का पर्व अनूठे तरीके से मनाया गया। यहां पारंपरिक भाई-बहन के रिश्ते के साथ-साथ प्रकृति से रिश्ते को भी सहेजने का संकल्प लिया गया। शनिवार को वन सुरक्षा समिति की आदिवासी बहनों, वनकर्मियों और ग्रामीणों ने डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर डीएफओ हेमंत यादव को राखी बांधी। उन्होंने यादव के दीर्घायु और सफलता की कामना की।

महिलाओं ने जंगल में जाकर वृक्षों को भी रक्षा सूत्र बांधे। उनका संदेश था कि जैसे भाई अपनी बहन की रक्षा करता है, वैसे ही हर नागरिक को पेड़ों, वन्यजीवों और पर्यावरण की सुरक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर डीएफओ यादव ने कहा कि वन और पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार का नहीं, हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि अगर हम अपने आसपास हरियाली को बचाएंगे और बढ़ाएंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण दे पाएंगे। वन विभाग 550 हेक्टेयर क्षेत्र में 6 लाख पौधे लगाने की योजना पर काम कर रहा है। इसमें समुदाय की भागीदारी बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में आदिवासी महिला मीना बाई, प्रभा बाई, जीवन बाई, मोना, सुमित्रा बाई और भूरी बाई ने पारंपरिक गीत-नृत्य प्रस्तुत किए। यह आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम बना। यह आने वाले वर्षों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।



### खनन करते 1 पोकलेन 3 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किए

**विदिशा।** खनिज विभाग ने मुरम का अवैध खनन करते हुए 3 ट्रैक्टर ट्रॉली और एक पोकलेन मशीन को जब्त किया गया है। रोहित शर्मा पर प्रकरण दर्ज किया गया है। वाहनों को जब्त कर ढोलखेड़ी चौकी पर खड़ा कराया गया है।



## खबर संक्षेप



### 20 साइकिलें मिलीं, बच्चों ने बनाई रंगोली

**सीहोर**। ग्राम उलझावन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गईं। छात्र-छात्राओं को फूल माला पहनाकर 20 साइकिलें दी गई। साथ ही स्कूल में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रंगोली और चित्रकला में भी हिस्सा लिया। जिसकी जन प्रतिनिधियों ने खूब सराहना की। स्कूल में उपस्थित अतिथि पिंटू वर्मा, मुकेश वर्मा, एवं महेंद्र वर्मा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। शाला प्राचार्य डॉ. नुजहत अनीस खान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### दस्तक अभियान व स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 सितंबर तक

**सीहोर**। शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर 2025 तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी औ और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा। अभियान में आमजन को जागरूक किया।

## भाइयों ने बहनों को दिया रिटर्न गिफ्ट, मिठाई की दुकानों पर हुई सजावट

# रक्षाबंधन पर बहनों ने भैया की कलाई पर बांधी रेशम की डोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को शहर सहित जिलेभर में भाई-बहनों के रिश्तों के अटूट बंधन का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया।

रायसेन शहर में भाई-बहनों के रिश्तों के अटूट बंधन का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बेशब्री से इंतजार कर रही बहनों ने शुभ मुहूर्त में भैया की कलाई पर राखी बांधी। मिठाई खिलाई और फिर आरती उतारकर उनके स्वस्थ व सफल जीवन की कामना की। वहीं, भाईयों ने भी बहनों की रक्षा और हर परिस्थिति में मदद के लिए तैयार करने का वचन दिया। बहनों के भाईयों द्वारा पैर छूकर सुख दुख में साथ निभाने का दिया वचन।साथ ही भाइयों से गिफ्ट पाकर बहनें खुश हो गई।



### जिला जेल पठारी में भी लगी बहनों की लाइन....

जिला जेल पठारी में सुबह से ही बहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। 20-20 के ग्रुप में बहनों को जेल के अंदर भेजा गया। जहां उन्होंने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान कई बहनें रोने लगी और रोते हुए जेल से घर चली गईं।

**जिला जेल पठारी में कैदियों को बहनों ने बांधी राखी**

### सुधरने का वचन लिया, भाइयों ने भी नई जिंदगी शुरू करने का संकल्प

रायसेन। रायसेन में रक्षा बंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को सलाखें भी नहीं रोक पाईं। आज शनिवार को जिला जेल पठारी में सुबह से ही बहनों का तांता लगा रहा। वे अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने और उनकी लंबी उम्र की कामना करने पहुंचीं थीं। जिला जेल में प्रवेश के बाद बहनों ने सबसे पहले अपने भाइयों को गले लगाया। फिर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। कई बहनें भाइयों को जेल में बंद देखकर भावुक हो गईं। उनकी आंखें भर आईं।इस मौके पर कैदियों ने बहनों से वादा किया कि वे आगे से अपराध की राह नहीं अपनाएंगे। उन्होंने एक नई जिंदगी शुरू करने का संकल्प लिया। जिला जेल के जेलर रामकृष्ण चौरे ,जेल प्रहरी पवन शर्मा ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के मौके पर जेल में कैदियों और उनकी बहनों के मिलने का कार्यक्रम रखा गया। बैठने की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश थी कि किसी को भी ज्यादा इंतजार न करना पड़े। जो बहनें राखी नहीं ला सकीं, उनके लिए राखी का इंतजाम किया गया। जिला जेल में करीब 175 कैदी हैं। इनमें से 60 कैदियों की बहनों ने कलाई पर बांधी राखियां।जिला । जेल परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस विशेष अवसर ने यह साबित कर दिया कि भाई-बहन का रिश्ता चाहे दूरी हो या सलाखें, हमेशा दिल से जुड़ा रहता है।



## सड़क पर गड्ढे, सीमेंट उखड़ा सरिए तक दिखने लगे, सुरक्षा दीवारों में भी दरारें

**भैरूंदा**। पांडागांव स्थित सीप नदी पर 9 करोड़ 48 लाख की लागत से बना पुल महज 8 महीने में ही घटिया निर्माण की पोल खोलने लगा है। पुल के कई हिस्सों में गड्ढे बन गए हैं। सीमेंट उखड़ चुकी है। सरिए तक बाहर दिखने लगे हैं। सुरक्षा दीवारों में भी दरारें साफ नजर आ रही हैं और निर्माण कंपनी इसे सामान्य प्रक्रिया बता रही है। विभाग ने मरम्मत और जांच की बात कही है।

यह वही पुल है, जिसका निर्माण 2022 में शुरू हुआ था। 30 नवंबर 2024 को भाजपा विधायक रमाकांत भार्गव और अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इसका लोकार्पण हुआ था। पुल की लंबाई 150 मीटर है। जब तक यह पुल बनकर तैयार नहीं हुआ, तब तक 3 करोड़ 74 लाख की लागत से नीचे एक बॉक्स ब्रिज बनाया गया था। उस बॉक्स ब्रिज की हालत भी कुछ ही समय में खराब हो गई थी। उसमें भी बेयरिंग कोड उखड़ने लगे थे। बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। सरिए बाहर आ गए थे। इससे वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया था।

कांग्रेस सरकार में बने पुल 40-50 साल से चल रहे कांग्रेस नेता विक्रम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में बने पुल 40-50 साल से चल रहे हैं। कोई दिक्कत नहीं आई, लेकिन भाजपा सरकार में एक साल भी नहीं हुआ और पुल की हालत खराब हो गई। इससे साफ है कि कितना भ्रष्टाचार हो रहा है।

अफसरों ने फोन नहीं उठाया एमपीआरडीसी से सोनिया सिन्हा ने कहा कि पीडब्ल्यूडी इस मामले को देखेगा। जब इस बारे में पीडब्ल्यूडी एसडीओ सक्सेना से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।






### मोटे अनाज से कम लागत के पौष्टिक व्यंजन बनाना सिखाया

**भैरूंदा**। स्तनपान सप्ताह के दौरान कुंजल वेलफेयर सोसायटी ने भैरूंदा ब्लॉक में सात दिवसीय विज्ञान आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मोटे अनाज से बने कम लागत के पौष्टिक व्यंजनों को बनाना सिखाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में खून की कमी को दूर करना और परिवार को सुपोषित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।फूड एंड न्यूट्रीशन एक्सपर्ट डॉ. विभा खरे और न्यूट्रीशियनिस्ट जेनीशा देवनानी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण हुआ।

## अपने भाई को राखी बांधने बहनें पहुंची उपजेल में भावुक हुए भाई बहनों के आंखों से निकले आंसू



**भैरूंदा**। रक्षाबंधन का पर्व जहां बहनें भाई की कलाई पर खुशी खुशी रखी बांधने पहुंची जैल में सुबह से ही पहुंची। अवसर पर भैरुंदा उपजेल में भावनाओं से भरा माहौल देखने को मिला। सुबह से ही बहनें अपने-अपने बंदी भाइयों से मिलने पहुंचीं।

मुलाक़ात कक्ष में राखी बांधते समय बहनों की आंखें भर आईं, वहीं भाइयों ने भी बहनों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। जेल प्रशासन ने इस विशेष दिन के लिए विशेष व्यवस्था सुविधाओं बनाई गई। जिससे बहनें बिना किसी रोक रोक के अपने भाइयों तक पहुंच सकें। सुरक्षा व्यवस्था के बीच बहनों ने मिठाई खिलाई और उपहार भी दिए। इस अवसर पर कई बंदी भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि भले ही वे जेल की चारदीवारी में हैं, लेकिन इस त्योहार ने उन्हें घर के स्नेह और अपनत्व का एहसास कराया। रक्षाबंधन ने यहां भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और भी मजबूत किया। मुलाकात के दौरान एक-दूसरे के साथ बिताए ये पल सभी के लिए यादगार बन गए।

रक्षा बन्धन के मौके पर महिला समन्वय जिला संयोजिका राधिका जैमिनी, वर्षा खंडेलवाल, भारती देवलिया, पूजा बैरागी, उषा श्रोतिय व अन्य महिलाएं थाना परिसर भेरूंदा पहुंचीं।

यहां उन्होंने थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित पुलिस स्टाफ को राखी बांधी और श्रीफल व मिठाई भेंट की। बहनों ने पुलिस कर्मियों की लंबी उम्र और सुरक्षित जीवन की कामना की। रक्षाबंधन के इस पर्व ने जेल और थाना परिसर दोनों में ही भाई-बहन के प्रेम, सुरक्षा और स्नेह का संदेश दिया। यह दिन न केवल कैदियों और पुलिसकर्मियों के लिए, बल्कि पूरे नगर के लिए एक भावुक और प्रेरणादायक अवसर देखने को मिला।



### पुलिस ने देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ किया युवक को गिरफ्तार

बरेली। क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाई जाने वाली मुहिम के अंतर्गत पुलिस के द्वारा रात्रि गस्त के दौरान एक युवक को देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कार्यवाही को लेकर थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक देसी कट्टा कमर में फंसा कर घूम रहा है। सूचना के आधार पर जब पुलिस के द्वारा बताए जाने वाले स्थान और युवक की पहचान के आधार पर युवक की तलाशी ली गई तो मुखबिर द्वारा बताये गये युवक को पकड़ा जिसने अपना नाम विक्रम राजपूत बताया तलाशी ली तो एक देसी कट्टा एवं कट्टा में एक जिंदा कारतूस मिला, आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी के ऊपर पूर्व से ही अन्य प्रकरण दर्ज है। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, संतोष कुमार चौहान (विवेचना/गिरफ्तारी), प्रआर विनित अहिरवार, प्रआर. सुरेन्द्र इरवने, प्रआर. संजय यादव, आर सोहित ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की हैं।

**आज भुजरिया पर्व, चौधरी चौक में भरेगा मेला**

## दस दिन बाद हुई बारिश, रिमझिम फुहारों के बीच मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले 10-12 दिनों से बारिश न होने के साथ तेज धूप, गर्मी उमस का परेशानियों वाला मौसम बना हुआ था। शनिवार को दोपहर बाद अचानक मौसम बदला, आसमान में घने वर्षा वाले बादल छा जाने, रिमझिम बारिश होने लगी। गर्मी, उमस, उडती धूल बारिश के कारण ठंडक और कीचड में तब्दील हो गई। रिमझिम फोहारों वाली बारिश के बीच नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में भाई-बहिन के स्नेह सुरक्षा, पवित्रता का रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता रहा। गिरते पानी के बीच लोगो का एक से दूसरे स्थान पर आना जाना लगा रहा।

रक्षाबंधन पर्व का बहिनों को वर्ष भर इंतजार बना रहता है। सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्र और नगर के विभिन्न हिस्सों में भाईयों के यहॉ बहिनों के आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया। बहिनों द्वारा भाईयों की कलाईयों में राखी रक्षासूत्र बांधने के साथ तिलक लगा कर आरती उतार कर आशीर्वाद दिया जाता रहा।

### आदिवासी परंपरा जारी

चौधरी चौक में भरेगा भुजरिया मेला - नगर एवं क्षेत्र में बुन्देली आदिवासी गौंड परंपराए आज भी बनी हुई है। रक्षाबंधन के दूसरे दिन दशकों से पुरानी बस्ती के चौधरी चौक में परिवारों की महिलाए, भुजरिया (कजलियां) लेकर पहुंचती है। जहॉ सामुहिक रूप से पूजन आरती की जाती है। श्रीजी के प्राचीन मंदिर एवं अन्य मंदिरों में भुजरियां अपर्ण कर एक दूसरे को भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं देने का सिलसिला रात तक चलता रहा। भुजरिया हाथों में लेकर बडो से आर्शीवाद, हम उम्र लोग आपस में मिल कर शुभकामनाएं देने क्षमा मांगने और मेहरबानी बनाये रखने की मनुहार करते है। वही बच्चों को बुजूर्गो द्वारा रूपये, उपहार सामग्री के साथ आर्शीवाद दिया जाता है। भुजरिया पर्व पर चौधरी चौक में बाल मेला भरता है। जहॉ झूले झूलने के साथ बच्चों द्वारा खरीददारी भी की जाती है। आदिवासी परंपरानुसार शेरा खेलने, मौज मस्ती भी किए जाने का चलन है। पूर्व में भुजरिया पर्व पर कुश्ती भी हुआ करती थी। अब बंद हो गई।

**मां नर्मदा के उत्तर तट स्थित मंगलेश्ववर तीर्थ मांगरोल में हुआ श्रावणी उपाक्रम महोत्सव**

## पू. ब्रम्हचारी जी के सानिध्य में श्रावणी उपाक्रम की विधियां हुईं सम्पन्न

बरेली। श्रावण माह की पूर्णिमा, रक्षाबंधन के दिन शरीर, मन, विचार और कर्मो की शुद्धता के लिए श्रावणी उपाक्रम महोत्सव का वर्षो से श्री मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल के मंदिर और नर्मदा तट पर आयोजन होता आ रहा है। पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं द्वारा नर्मदा तटों पर पहुंच कर नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाई गई। महामण्डलेश्वर पू. ब्रम्हचारी जी के सानिध्य एवं पं. द्वारका प्रसाद शास्त्री के अचार्यत्व में श्रावणी उपाक्रम में विभिन्न क्रियाओं को सम्पन्न कराया गया।

श्रावणी पर्व का महत्व - समाजसेवी पं. कमल किशोर शर्मा जामगढ़ ने श्रावणी उपाक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि चिंतन, चरित्र, व्यवहार, मन, कर्म पवित्र हो जाते है। तो ब्रम्ह के अनुशासन में सिद्ध ब्राम्हण हो जाता है। आदिशक्ति गुरू सत्ता के विशिष्ठ अनुदान का



पात्र बन जाते है। श्रावणी उपाक्रम में प्रायश्चित संकल्प, संस्कार, स्वाध्याय, स्नान, संकल्प में गौ दूध, घी, गोबर, गौ मूत्र स्नान, पंचामृत, पंचगव्य सेवन के उपरान्त औषध, सप्तधान, स्वर्ण भस्मी उपरांत पवित्र स्नान कर वर्ष भर में जाने अनजाने में हुए पापों का प्रायश्चित कर जीवन को सकारात्मकता से भरने का प्रयास किया जाता है। श्रद्धालुओं द्वारा कमर तक नर्मदा जल में रह कर विभिन्न विधियों को सम्पन्न की जाती है। जनेऊ बदलने के साथ वैदिक मंत्राकें के साथ यज्ञ में आहूतियां भी दी जाती है। सनातनी लोगो पू. ब्रम्हचारी जी के भक्त मंडल के शिष्यों द्वारा मांगरोल में प्रातः काल पहुंच कर माँ नर्मदा की गोद में श्रावणी पर्व पू. ब्रम्हचारी जी के सानिध्य में मनाया गया।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान में रंगारंग गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्र शेखर आज़ाद शा. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के क्रियान्वयन दिनांक 8 अगस्त 2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, तिरंगा आधारित रंगोली प्रतियोगिता एवं रैली का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर तिरंगा आधारित सेल्फी पॉइंट भी स्थापित किया गया, जहां महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने देशभक्ति के रंगों में रंगी हुई ने छायाचित्र के छायांकन कराये। पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. ज्योति नेताम (विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र), डॉ. तृप्ता झा (सह-प्राध्यापक, भूगोल) एवं डॉ. गीता वर्मा (सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र) द्वारा किया गया। परिणाम की घोषणा स्वतंत्रता दिवस पर की जाएगी।उक्त कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन एनएसएस, एनसीसी एवं क्रीड़ा विभाग के प्रभारी डॉ. सजन खत्री, डॉ. मौली थॉमस, श्याम कुमार तथा अनिल पिपलोदिया द्वारा कराया गया।

**तहसीलों में न पेशी हुई, न ही सीमांकन करने के लिए अधिकारी फील्ड पर निकले**

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए तहसीलदार और नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में दो दिनों से चल रही तहसीलदारों नाथ तहसीलदारों की अनिश्चित अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर ना तो पेशी मिली और ना सीमांकन बटवारा और फसल सर्वे नुकसान आकलन का कार्य ठप्प हो गया है।

बाढ़ प्रभावितों को मुआवजे में होगी देरी

हाल ही में आई बाढ़ से जिले के कई गांव,खरीफ सीजन की फसलें प्रभावित हुए हैं। इन क्षेत्रों में मकान, दुकानें और फसलें बह गईं या बर्बाद हो गईं।जिला- प्रशासन द्वारा इनका सर्वे कर मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। लेकिन तहसीलदारों,नायाब तहसीलदारों की बेमुद्दत हड़ताल से यह प्रक्रिया रुक गई है। अब ग्रामीणों को राहत मिलने में देरी हो सकती है।

पूरे जिले का राजस्व तंत्र ठप, लोग परेशान

सांचेत से प्रधानमंत्री आवास को लेकर अपने काम पर आए सतीश मैथिल,भगवान सिंह को निराश होकर लौटना पड़ा, क्यों कि ग्रामीण सांचेत राजस्व टप्पा तहसील में संबंधित अधिकारी अपनी सीट पर नहीं था।



ऐसे अकेले सतीश मैथिल,भगवान सिंह ही नहीं कई ऐसे लोग थे, जो अलग-अलग काम को लेकर रायसेन शहर और ग्रामीण तहसील में आए थे। ऐसा ही नजारा सांची देवनगर सिलवानी गैरतगंज बरेली आदि में भी देखी गई। नायब तहसीलदार और तहसीलदारों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने से पटवारी भी सरकारी काम से अपनी दूरियां बनाए रहे। उधर तहसीलदार और नायब तहसीलदार रायसेन तहसील में तंबू तानकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे थे। इस हड़ताल से राजस्व से संबंधित कामकाज प्रभावित रहा, वहीं अतिवृष्टि से हुए नुकसान संबंधी काम भी अटका रहा।

जिले में बुधवार से तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।रायसेन जिला मुख्यालय पर तहसील कार्यालय के सामने लगे इस तंबू में अधिकारी विरोध स्वरूप डटे हुए हैं। उनका कहना है कि सरकार द्वारा थोपे गए अव्यवहारिक कार्य विभाजन के निर्णय के खिलाफ यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक उसे पूरी तरह वापस नहीं लिया जाता। खास बात यह है कि एक दिन पहले ही जिले के सभी 22 तहसीलदार और नायाब तहसीलदारों द्वारा एकजुट होकर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के नाम डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा,एसडीएम रायसेन को ज्ञापन सौंप दिया है। आंदोलनरत तहसीलदारों का कहना है कि सरकार द्वारा थोपे गए अव्यवहारिक कार्य विभाजन निर्णय के खिलाफ यह आंदोलन जब तक जारी रहेगा। तब तक उसे पूरी तरह से वापस नहीं लिया जाएगा। खास बात यह है कि 2 दिन पहले ही मेरे घर के तहसीलदारों नायक तहसीलदारों ने कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को हड़ताल का अल्टीमेटम दे दिया था। तहसीलदार नायब तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर तहसील कार्यालय तहसील राजस्व टप्पा कार्यालय राजस्व कामकाज पर असर देखने को मिल रहा है। जमीनों के नामांतरण सीमांकन ,बंटवारा, फसल बीमा भू अर्जन अधिकारियों का बुरा असर पड़ रहा है। इसमें सबसे अहम बात है कि हाल ही वके दिनों में जिले के निचले इलाकों में आई बाढ़ के कारण फसले घरों को भारी नुकसान पहुंचा है ।उसका हल्का पटवारी और तहसीलदारों द्वारा सर्वेक्षण होना है ।वह काम ठप्प पड़ा हुआ है। न्यायालय में पेशी और कामकाज पूरी तरह से बंद पड़े हुए हैं।

### न्यायिक और फील्ड वर्क के बंटवारे से नाराज....

मप्र कनिष्ठ राजस्व अधिकारी संघ जिला ईकाई रायसेन के बैनर तले चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल का मुख्य कारण राज्य सरकार की नई कार्यप्रणाली है। जिसमें तहसीलदारों को दो वर्गों में बांटा गया है न्यायिक और गैर न्यायिक। एक वर्ग को न्यायिक कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है जबकि दूसरे वर्ग को गैर न्यायिक वर्ग में फील्ड में रहकर कार्य सौंपे गए हैं। इस विभाजन को तहसीलदार संघ ने अव्यवहारिक असंवैधानिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से बेहद नुकसानदायक बताया है। संघ का कहना है किजिन राजस्व अधिकारियों को फील्ड के कार्य सौंपे गए हैं।उन्हें वाहन, आवश्यक स्टाफ और संसाधनों को भी छीना जा रहा है।जो कि नीति विरुद्ध सरकार के यह फैसले हैं।